

भाजन

साप्ताहिक राशिफल

बोले सितारे



बदला पूरा, भारत नौंवी बार चैम्पियन

प्रयागराज, रविवार १५ नवम्बर, २०२६ सौर २९, कार्तिक शुक्ल ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



यूपी में अग्निवीरोंको २० प्रतिशत आरक्षण-योगी

शहीदके परिवारोंको ५० लाखकी सहायता, वीरता पुरस्कार राशि होगी दोगुनी

मेरठ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान रैली को संबोधित करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं का ब्योरा दिया। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किये जाने, अग्निवीरों को विभिन्न विभागों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसरों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों और उनके परिवारों की चिंता करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए।



वर्दीधारियों का सम्मान डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले शहीद सैनिकों के परिवारों को 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती थी। प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। उनके अनुसार, अब तक 150 शहीद परिवारों को 59 करोड़ 50 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। वर्ष 2018 में शहीद के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू की गयी। मुख्यमंत्री ने शहीदों की स्मृति में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 200 स्मारक, 61 स्मृति द्वार और 78 प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। इसके अलावा 21 विद्यालयों, 48 सड़कों और तीन स्टेडियम का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने अग्निवीरों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस, **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

भारतमें २०१४ में खत्म कर दिया गया था लोकतन्त्र-राहुल

हैदराबाद (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत सम्मेलन 2026 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और निर्वाचन आयोग को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन 14 करोड़ लोगों ने वोट दिया था, कुछ महीने पहले उन्हें या तो ऐसा मतदाता बताया गया जिसका कोई अस्तित्व नहीं था या फिर ऐसा व्यक्ति बताया गया जिसने वोट ही नहीं दिया था। अगर निर्वाचन आयोग ने 14



कहा-१४ करोड़ मतदाता अवैध होनेपर वैध कैसे हो सकता है चुनाव

करोड़ मतदाताओं को अवैध गैर-मतदाता घोषित कर दिया है, तो फिर वह चुनाव वैध कैसे हो सकता है? उन्होंने आगे कहा महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है। वहां पहले लोकसभा चुनाव हुआ। हमारे गठबंधन ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। लेकिन तीन महीने बाद ही हम बुरी तरह हार गये। जब हमने इसकी बारीकियों को देखना शुरू किया, तो पाया कि दोनों चुनावों में हमें बिल्कुल बराबर वोट मिले थे। तीन महीने में 70 लाख नये मतदाता जुड़ गये। इन सभी 70 लाख मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिया। इसके बाद भाजपा चुनाव जीत गयी। राहुल गांधी ने कहा, 2014 में हमने एक बिल्कुल नया चुनाव देखा। ऐसा चुनाव हमने पहले कभी नहीं देखा था। राजनीतिक व्यवस्था में लाखों-करोड़ों डॉलर लगाये गये। जिस चुनावी व्यवस्था का इस्तेमाल करीबी मुकाबलों और गठबंधन की राजनीति के लिए किया जाता था, उसे अचानक पूरी तरह बदल दिया गया। अगर मैं **(शेष पृष्ठ ११ पर)**

अन्तिम गेंद पर भारत चैम्पियन

अण्डर-१९ एशिया कप में पाकिस्तान को एक विकेट से हराया

अल अमेरात (एजेन्सियां)। सलामी बल्लेबाजों लक्ष्य रायचंदानी (८०) और आर्यवीर सहवाग (५८) के अर्द्धशतकों के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों मोहित उल्वा (नाबाद ४९) और मनल चौहान (४७) के बीच नौवें विकेट के लिए की गयी ५७ रन की साझेदारी से भारत ने बेहद रोमांचक फाइनल में गत चैम्पियन पाकिस्तान को अंतिम गेंद पर एक विकेट से हराकर नौवीं बार अंडर-१९ एशिया कप का खिताब जीत लिया। पाकिस्तान के ३३८ रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम कप्तान रायचंदानी और आर्यवीर के बीच पहले विकेट की ९५ रन की साझेदारी से एक विकेट पर १४६ रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। हालांकि इसके बाद ४२वें ओवर तक पाकिस्तान ने भारत का स्कोर आठ विकेट पर २५२ रन कर दिया।



मोहित ने इसके बाद मनल के साथ मिलकर भारत को वापसी दिलाई और अहमद हुसैन की मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़कर भारत को नौ विकेट पर ३३९ रन तक पहुंचाकर जीत दिला दी। भारत ने इससे पहले १९८९, २००३, २०१२, २०१३-१४, २०१६, २०१८, २०१९, २०२१ में यह ट्राफी जीती थी। इस जीत के साथ टीम इण्डिया ने लीग चरण और पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया।

